### एक नजर में

### आज इन इलाकों में गुल रहेगी एक घंटे बिजली

**गुना।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार, 10 जनवरी को बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक प्रबंधक, शहर विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 33/11 केवी पावर हाउस सबस्टेशन से निकलने वाले 11 केवी बूढ़े बालाजी एवं नजूल फीडर पर 5 प्रतिशत सुपरविजन योजना के अंतर्गत रखरखाव का कार्य किया जाना है। इस तकनीकी कार्य के चलते 10 जनवरी को दोपहर 12 बजे से 01 बजे तक मटकरी कॉलोनी, मथुरा नगर, भार्गव, नजूल, सरस्वती विहार कॉलोनी, जयस्तंभ चौराहा, सोनी कॉलोनी, दुबे, चौधरन, तलैया मोहल्ला, आसमानी माता एवं न्यू टेकरी रोड सहित आसपास के इलाकों का विद्युत बंद रहेगा।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स की तैयारी, 12 से शुरू

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' के सफल और भव्य आयोजन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जिला बैठक संपन्न हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई और संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जूनियर आयु वर्ग के लिए आयोजित होने वाले इन खेलों की विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धाएं 12 से 17 जनवरी के मध्य आयोजित की जाएंगी। यहाँ से चयनित होने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 20 एवं 21 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपना कौशल दिखाएंगे।

# पहले 2 थीं, अब गुना रेलवे पर रुकती हैं 70 ट्रेनें, यह क्रांतिकारी बदलाव

## सिंधिया ने म्याना और पगारा में ट्रेनों के स्टॉपेज को दिखाई हरी झंडी

नवभारत न्यूज

**गुना 9 जन. का। क्षेत्रीय विकास और कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई देते हुए केंद्रीय संचार, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को म्याना और पगारा रेलवे स्टेशनों पर महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर म्याना में ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस और पगारा में भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस के नवस्वीकृत ठहराव की शुरूआत की गई, जिन्हें सिंधिया ने हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया।**

इन दोनों ही स्टेशनों पर ट्रेनों के स्टॉपेज के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों में भारी उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में लोग इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा कि विकास की जयघोष और ट्रेन की सीटी के साथ आज वे म्याना और पगारा आए हैं। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि यह केवल एक रेलगाड़ी का ठहराव नहीं है, बल्कि इस मिट्टी के विकास और आगे बढ़ते सफर की एक नई कहानी है। अपने संबोधन के दौरान सिंधिया ने गुना के रेलवे नेटवर्क में हुए क्रांतिकारी बदलावों का जिक्र करते हुए बताया कि एक समय था जब गुना में केवल 2 ट्रेनें आती थीं, लेकिन आज उसी स्टेशन पर 70 ट्रेनें आती-जाती हैं।

उन्होंने बताया कि अब गुना से देश के किसी भी राज्य का संपर्क स्थापित हो गया है। यहाँ से अब मुंबई, हावड़ा, अजमेर, बीकानेर, पुरी, इंदौर, चंडीगढ़, अमृतसर, विशाखा पट्टनम, पुणे, अहमदाबाद और दरभंगा जैसे बड़े शहरों के लिए सीधी ट्रेनें उपलब्ध हैं। इसके अलावा गुना-बीना मेमू और बेंगलुरु जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनें भी अब गुना से संचालित हो रही हैं। सिंधिया ने गुना को अपने दिल की धड़कन बताते हुए कहा कि उन्होंने इस धड़कन को देश के एक-एक कोने तक पहुंचाने का काम किया है।

उन्होंने रेलवे सुविधाओं में



लगातार हो रहे इजाफे, आरओबी के निर्माण और रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया।

**गुना-चंबल के विकास की पटरी पर सिर्फ एक्सीलेरेटर**

सिंधिया ने विकास की गति पर जोर देते हुए कहा कि स्टॉपेज पटरियों पर लगा है, लेकिन गुना-चंबल के विकास की पटरी पर सिर्फ एक्सीलेरेटर लगा है, ब्रेक नहीं। उन्होंने कनेक्टिविटी को शिक्षा, रोजगार, व्यापार और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच का सशक्त माध्यम बताया।

साथ ही उन्होंने शिवपुरी में आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों का उल्लेख करते हुए कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया, जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिकरवार, हीरेंद्र सिंह चौहान और नपा अध्यक्ष सविता गुप्ता, महेंद्र सिंह किरार सहित कई जनप्रतिनिधि और भारी जनसमूह उपस्थित रहा।

**कड़कड़ाती सर्दी में भी ग्रामीणों का हुजूम**

गुना से म्याना की दूरी करीब 30 किलोमीटर है और पगारा 11 किलोमीटर दूर है। इन दोनों ही



महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर जब सिंधिया ट्रेन स्टॉपेज को हरी झंडी दिखाने पहुंचे तो ग्रामीणों का हुजूम देखा गया। हालांकि रात के समय सर्दी चरम पर थी। कड़कड़ाती सर्दी में अधिकांश लोग सिर ढंके हुए नजर आ रहे थे, लेकिन सिंधिया हमेशा की तरह एक जैकेट में ही नजर आए। उन्होंने कहाकि जब भी लोगों के सामने खड़े होते हैं, उनमें ऊर्जा का नया संचार हो जाता है।

## सिंधिया बोले-जून 2026 तक हर गांव में पहुंचेगा 4जी नेटवर्क

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्रामीण भारत को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी घोषणा की है। शिवपुरी जिले के बदरवास में नवनिर्मित सब-स्टेशन के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि जून 2026 तक देश के प्रत्येक गाँव में 4जी नेटवर्क की निर्बाध कनेक्टिविटी पहुँच जाए। अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने भारत की बढ़ती डिजिटल ताकत का जिक्र करते हुए बताया कि आज देश में लगभग 120 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि तकनीक अब केवल शहरों तक सीमित नहीं रहेगी। जब देश का हर गाँव 4जी नेटवर्क से जुड़ जाएगा, तब ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और सरकारी सेवाओं की पहुँच और भी सुगम और पारदर्शी होगी। सिंधिया ने कहा कि यह पहल केवल टावर लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण भारत को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने का एक महा-अभियान है। 4जी कनेक्टिविटी पहुँचने से गाँव के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और किसान भी तकनीक के माध्यम से सीधे बाजार से जुड़ सकेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सिंधिया ने विकास कार्यों की गति को और तेज करने का भरोसा दिलाया।

## नवीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक की अधूरी तैयारियों पर बिफरे कलेक्टर



**गुना।** जिला अस्पताल परिसर में नवनिर्मित क्रिटिकल केयर ब्लॉक के उद्घाटन की प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी सिलसिले में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शुक्रवार को निमार्णाधीन बिल्डिंग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में कमी और गंदगी देखकर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित ठेकेदार व अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। कलेक्टर ने जब बिल्डिंग के भीतर प्रवेश किया, तो वहां चारों ओर गंदगी का अंबार मिला। कई स्थानों पर बिजली के कनेक्शन अधूरे थे और संसाधनों का रख-रखाव भी संतोषजनक नहीं पाया गया। कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जब उद्घाटन का समय नजदीक है, तो ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा कि अस्पताल की बिल्डिंग में स्वच्छता और सुव्यवस्थित ढांचा पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। कलेक्टर किशोर कुमार ने ठेकेदार को निर्देश दिए हैं कि भवन के शेष बचे सभी तकनीकी और निर्माण कार्यों को तत्काल प्रभाव से पूरा किया जाए। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि अगले दो सप्ताह के भीतर क्रिटिकल केयर यूनिट में ट्रायल शुरू हो जाना चाहिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जैसे ही निर्माण कार्य पूर्ण हो, उपकरणों की स्थापना और स्टाफ की तैनाती की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल के इस नए ब्लॉक से क्षेत्र के गंभीर रोगियों को बड़े शहरों की ओर नहीं भागना पड़ेगा, बशर्ते यहां की व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हों।

## नशामुक्त समाज के लिए उठी युवाओं की आवाज



**गुना।** स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में युवाशक्ति नशामुक्ति सेवा सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार, 9 जनवरी को शहर में भव्य रैली और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मन समिति, मन मनोचिकित्सा संस्थान एवं नशामुक्ति केंद्र तथा रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाकर राष्ट्र निर्माण की ओर अग्रसर करना था। हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लिए युवाओं ने आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया और स्वामी विवेकानंद के सशक्त युवाशक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया। कार्यक्रम में डॉ. आर. एस. भाटी ने बच्चों और युवाओं को विस्तार से समझाया कि नशा किस तरह शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से व्यक्ति को खोखला कर देता है। उन्होंने सभी को नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. पी. एन. धाकड़ उपस्थित रहे।

## भगवान राम पर अभद्र टिप्पणी से भड़का रघुवंशी समाज



**आरोन।** विदिशा जिले की सिरोंज तहसील में आयोजित भीम आर्मी की एक सार्वजनिक सभा में संगठन के प्रवक्ता द्वारा भगवान श्री राम एवं माता सीता पर की गई अमर्यादित और अभद्र टिप्पणी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस अपमानजनक बयान के विरोध में आज आरोन में रघुवंशी समाज का भारी आक्रोश देखने को मिला। समाजजनों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। शुक्रवार को नगर के स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला ट्रस्ट परिसर में समाज के वरिष्ठ जन और युवा बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। यहाँ से समाज द्वारा एक विशाल पैदल मार्च निकाला गया, जो नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ तहसील प्रांगण पहुँचा। मार्च के दौरान समाजजनों ने 'सनातन धर्म का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' और 'राम जी के देश में राम जी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' जैसे गगनभेदी नारे लगाकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सिरोंज की सभा में भीम आर्मी के प्रवक्ता ने जिस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग आराध्य देव भगवान श्री राम और माता सीता के लिए किया है, उससे विशेषकर रघुवंशी समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

### सेमरी धाम के लिए शनिवार को निकलेगी भव्य झंडा यात्रा

**आरोन।** धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ आरोन-गुना रोड स्थित सुप्रसिद्ध सेमरी हनुमान मंदिर तक एक भव्य झंडा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार, 10 जनवरी को आयोजित होने वाली इस यात्रा को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। ए-क्लास विद्युत ठेकेदार एवं समाजसेवी शक्ति शर्मा ने यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि झंडा यात्रा का शुभारंभ शनिवार सुबह 9 बजे श्री दास हनुमान मंदिर से होगा। यात्रा शुरू होने से पूर्व दास हनुमान जी की विधि-विधान से आरती की जाएगी और सभी श्रद्धालु सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।

## राघौगढ़ नगरपालिका टीम ने सड़कों एवं गटरों से हटाया अवैध अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**राघौगढ़।** सडकें और गटरो ही नहीं बल्कि राघौगढ़ की सूरत बदलने के लिए राघौगढ़ प्रशासन ने आखिर जेसीबी का पंजा चला ही दिया। प्रशासन द्वारा गटरों को खाली करने एवं अस्थायी अतिक्रमण हटाने के दिये गयें हिदायती नोटिस और 3 घंटे के अल्टीमेटम के बाद नगरपालिका प्रशासन ने जेसीबी चलवाकर गटरो से लेकर चबूतरो और फुटपाथो पर तनी चद्दरे तक हटवा दी। राघौगढ़ को सुधारने के लिए एक दशक बाद फिर सर्जरी जैसी कार्यवाही सामने आयी है जब प्रशासन ने लाईन डालकर नियम का पंजा चला दिया।

दरअसल कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन के चलते शुक्रवार को राघौगढ़ में ऐसी कार्यवाही उस समय सामने आयी जब एसडीएम (डिप्टी कलेक्टर) अमित सोनी और नगरपालिका में संयुक्त प्रशासन के बीच हुई बैठक के बाद सब्जी विक्रंताओं को हटाने के बाद लोगों ने रातों-रात फुटपांथे-सड़कें खाली कर दी।

तहसीलदार अनुराग जैन एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी तेजसिंह यादव सहित भारी पुलिस बल एवं नगरपालिका अमले के साथ शुरु हुई कार्यवाही को देखने सैकड़ों की भीड पहुंच गयी। इस बीच प्रशासन की सामने आयी सख्त कार्यवाही के चलते पूरे शहर में हटो - हटाओ जैसी अफरा-तफरी मच गई। जहॉ तक कि जेसीबी के पंजे की कार्यवाही के दहशत का नजारा आरोन सडक से जुडीं स्टेट हाइवे स्थित तिराहे पर उस समय सामने आया जब प्रशासन की कार्यवाही के पहले लगभग 20 फीट सडक किनारा खाली हो गया। राघौगढ में सड़कें और फुटपाथो से हटो-हटाओ की कार्यवाही को भांपते हुऐ शहर के बाहर की पूरी फुटपाथें खाली होते ही गटरें और नालियों ने उगली गंदगी ने स्वच्छता पर सवाल खड़े कर दिये, कि आखिर राघौगढ की गटरें कितनी गंदगी से भरी पडी हुई है? तिरपाल और टीन-टप्परों से ढंकी राघौगढ की सुन्दरता और आवागमन व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुऐ जेसीबियों से होने जा रही कार्यवाही के पूर्व एसडीएम और सीएमओ अंतिम हिदायत देने के लिऐ एक्शन में नजर आयें जब उन्होंने साफ कह दिया कि हमें नालीं और गटरे खाली कराना है। इस दौरान तोड़ो और भरों की कार्यवाही के बीच दो जेसीबी और नगरपालिका के ट्रैक्टर ट्राली सहित तोड़ने-फोडने बाला अमला भी साथ चल रहा था।

जिसमें पुलिस बल के साथ डीएसपी आनंद राय, राजस्व अमला साथ था। इस दौरान नगरपालिका सीएमओं तेजसिंह यादव ने बताया कि गटरों को सडक से मिला कर समतल की जायेंगी और यह अभियान गटरें-नाली खाली नहीं होने तक चलता रहेगा।

### करंट की चपेट में आने से 25 वर्षीय मजदूर की दर्दनाक मौत, गर्भवती पत्नी और मासूम बच्चे के सिर से उठा साया

**गुना।** जिले के राघौगढ़ क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां मजदूरी करने गए 25 वर्षीय युवक बंटी उर्फ बंकर सिंह भील की बिजली का करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने शुरुआत में पोस्टमार्टम के लिए इंकार किया। हालांकि पुलिस की समझाइश के बाद मान गए। जानकारी सामने आई कि रघुपुरा निवासी बंकर सिंह भील राघौगढ़ के एनएफएल पालिका क्षेत्र के पास स्थित एक खेत पर मजदूरी करता था। शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे जब वह खेत पर पानी की मोटर चलाने गया, उसी दौरान तार लगाते समय वह बिजली के हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। करंट इतना जोरदार था कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद युवक के शव को जिला अस्पताल लाया गया। यहाँ पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को लेकर परिजनों और पुलिस के बीच काफी देर तक कहा-सुनी और तीखी नोकझोंक होती रही।

## फतेहगढ़ की सुखमन ने रचा इतिहास, एकमात्र कबड्डी खिलाड़ी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

नवभारत न्यूज

**गुना। जिले के छोटे से ग्राम फतेहगढ़ की बेटी सुखमन कौर ने खेल जगत में जिले का नाम रोशन कर दिया है। सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, फतेहगढ़ में कक्षा 9वीं की छात्रा सुखमन कौर (पुत्री बलजीत सिंह नायर) का चयन 69वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी (14 वर्ष बालिका) प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह उपलब्धि इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि सुखमन कौर ग्वालियर संभाग से चयनित होने वाली प्रथम और एकमात्र बालिका खिलाड़ी हैं।**

छात्रा की इस अभूतपूर्व सफलता पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने स्वयं मोबाइल पर वीडियो कॉलिंग के माध्यम से सुखमन कौर से संवाद किया। उन्होंने सुखमन को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेल के क्षेत्र में निरंतर आगे

**कलेक्टर ने वीडियो कॉल कर दी बधाई**

बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर की इस पहल ने न केवल खिलाड़ी बल्कि पूरे गांव का उत्साह बढ़ा दिया है। सुखमन के गांव पहुँचते ही फतेहगढ़ में उत्सव का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने फूल-मालाओं, मिठाई और पैदल मार्च के साथ छात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बमोरी जनपद अध्यक्ष सुश्री गायत्री भील सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने सुखमन के घर जाकर उसके माता-पिता और परिवार को बधाई दी। संस्था के प्राचार्य भगवत प्रसाद ओझा के नेतृत्व में सांदीपनि विद्यालय परिवार ने छात्रा और उसके माता-पिता का विशेष सम्मान किया। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल, सहायक संचालक प्रेरणा गुप्ता और जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री देवेंद्र पटेरिया सहित शिक्षा विभाग के



अधिकारियों ने इसे जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। यह उपलब्धि यह सिद्ध करती है कि यदि अवसर और दृढ़ इच्छाशक्ति हो, तो ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकती हैं। सुखमन की यह सफलता अब संपूर्ण जिले की बालिकाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।

**चर्चा** | **7 दिन में जमा करना होगा 5 साल का बकाया शुल्क**

# पंजीयन शुल्क जमा करने दिया स्कूलों को अल्टीमेटम

नवभारत न्यूज

**गुना 9 जन. का। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गुना की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई इस बैठक में संस्था की गतिविधियों, वित्तीय स्थिति और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।**

बैठक के दौरान कलेक्टर कन्याल ने जिले में आयोजित राज्य स्तरीय शिविर के आय-व्यय और वहां की व्यवस्थाओं



की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शिविर से संबंधित जितने भी बिल लंबित हैं, उनका शीघ्र सत्यापन कर तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

साथ ही संस्था की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए वर्ष 2025 के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और आय बढ़ाने के लिए सदस्यों से सुझाव भी मांगे गए। शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित जूनियर रेड क्रॉस की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान एक गंभीर तथ्य सामने आया।

जिला प्रभारी ने जानकारी दी कि जिले के शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में से वर्तमान में केवल लगभग 40 प्रतिशत स्कूल ही पंजीयन शुल्क जमा कर रहे हैं। इस लापरवाही पर कलेक्टर कन्याल ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

**पत्र जारी करने के निर्देश**

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सभी संबंधित विद्यालयों को तत्काल पत्र जारी किया जाए। उन्होंने आदेश दिया कि सभी स्कूल पिछले 5 वर्षों का रेड क्रॉस एवं स्काउट का बकाया पंजीयन शुल्क 7 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से जमा करें। ऐसा न करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी और अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सब्जी मंडी में बांटी गई मक्के से बनी विशेष पॉलिथीन




**गुना।** प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री ने शास्त्री पार्क स्थित सब्जी मंडी का दौरा किया और जीके इंडस्ट्रीज के सौजन्य से फल व सब्जी विक्रेताओं को बायोडिग्रेडेबल (घुलनशील) पॉलिथीन का वितरण किया। प्रभारी सीएमओ मंजुषा खत्री ने बताया कि यह विशेष पॉलिथीन मक्के के स्टार्च से तैयार की गई है, जो पूरी तरह से डिस्पोजेबल और पर्यावरण के अनुकूल है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यदि इसे कोई आवारा जानवर खा भी लेता है, तो यह उसे नुकसान नहीं पहुँचाती। उन्होंने व्यापारियों को अमानक (सिंगल यूज प्लास्टिक) पॉलिथीन का विक्रय न करने के सख्त निर्देश दिए और इसके स्थान पर बायोडिग्रेडेबल विकल्पों को अपनाने का सुझाव दिया। मंडी के निरीक्षण के दौरान नपा टीम ने सभी विक्रेताओं को व्यवस्थित रूप से बैठने और अपने आसपास गंदगी न फैलाने की हिदायत दी। प्रभारी सीएमओ ने कहा कि आगामी दिनों में स्वच्छ सर्वेक्षण होने वाला है, जिसमें शहरवासियों और व्यापारियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। नगर पालिका टीम ने दुकानदारों को कचरा केवल डस्टबिन में ही डालने और मंडी परिसर को साफ सुथरा रखने की समझाइश दी। इस दौरान नगर पालिका के वरिष्ठ अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षक भी मौजूद रहे।